ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

# GRADE 7

## हिंदी

## School Level Examination (SLE) 2025

**SUBJECT CODE** | 6 | 0 | 1 |

**Total Questions:** 40 **Total Marks:** 40 **Time:** 1 Hour

## जब तक निर्देश न दिया जाए, इस पुस्तिका को न खोलें।

- **O.M.R. उत्तर-पत्रक** पर अपना **नाम, कक्षा, रोल नंबर** और अन्य आवश्यक विवरण सावधानीपूर्वक भरें।
- **केवल HB पेंसिल** का उपयोग करके **O.M.R.** उत्तर-पत्रक भरें।
- सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं और प्रत्येक प्रश्न **एक अंक** का है।
- केवल **O.M.R. उत्तर-पत्रक** का मूल्यांकन किया जाएगा।
- गलत उत्तरों के लिए कोई **नकारात्मक अंक नहीं** है।
- प्रश्न-पत्र के **अंतिम पृष्ठ** का उपयोग **रफ़ कार्य** के लिए किया जा सकता है।
- कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच या मोबाइल फ़ोन जैसे **डिजिटल उपकरणों** की **अनुमति नहीं** है।
- परीक्षा समाप्त होने के बाद, **O.M.R. उत्तर-पत्रक** और **प्रश्न-पत्र** दोनों पर्यवेक्षक को जमा करें।



OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-7_New.indd 1 7/8/2025 12:10:05 PM

**निर्देश :** इस प्रश्न पत्र में कुल 40 प्रश्न हैं, जिन्हें दो खंडों (क) तथा (ख) में विभाजित किया गया है। सभी प्रश्न 1 अंक के हैं।

## खंड (क) : कौशल एवं दक्षता आधारित प्रश्न

### I. एकल चयन बहुविकल्पीय प्रश्न

**निर्देश :** इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।

**1. इनमें से कौन-सा कथन सत्य है?**

(A) लिखित भाषा बोलकर व्यक्त की जाती है।
(B) मौखिक भाषा का आधार पद होता है।
(C) लिखित भाषा स्थिर होती है।
(D) मौखिक भाषा, भाषा का गौण रूप है।

**2. केरल में कौन-सी भाषा बोली जाती है?**

(A) पंजाबी
(B) तमिल
(C) मलयालम
(D) कन्नड़

**3. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजन दंत्योष्ठ्य व्यंजन है?**

(A) च
(B) व
(C) द
(D) प

**4. 'साहित्य' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद है–**

(A) स् + आ + हि + त् + य + अ
(B) सा + ह् + इ + त् + य + अ
(C) स् + आ + ह् + ई + त् + य् + अ
(D) स् + आ + ह् + इ + त् + य् + अ

**5. 'रामेश्वर' शब्द का सही संधि-विच्छेद है–**

(A) राम + इश्वर
(B) राम + ईश्वर
(C) राम + श्वर
(D) राम + एश्वर

**6. 'जो बात/घटना अचानक हो जाए' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द होगा–**

(A) आकस्मिक
(B) अनिश्चित
(C) निश्चित
(D) अनकही



OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-7_New.indd 2 7/8/2025 12:10:05 PM

**7. किस समस्तपद में कर्मधारय समास है?**

(A) प्रेमसागर
(B) सेवामुक्त
(C) प्रधानमंत्री
(D) रुपया-पैसा

**8. 'अष्टाध्यायी–आठ अध्यायों का समाहार' किस समास का उदाहरण है?**

(A) द्विगु समास
(B) कर्मधारय समास
(C) बहुव्रीहि समास
(D) तत्पुरुष समास

**9. किस वाक्य की रेखांकित संज्ञा अधिकरण कारक में है?**

(A) दूल्हा <u>घोड़े से</u> गिर पड़ा।
(B) यह पुस्तक <u>अनामिका की</u> है।
(C) <u>नदी से</u> पानी भरकर ले आओ।
(D) माँ <u>रसोई में</u> खाना बना रही हैं।

**10. 'विधुर' शब्द का स्त्रीलिंग रूप होगा–**

(A) विधि
(B) विधवा
(C) विधाता
(D) विधान

**11. 'समभाव' शब्द में उपसर्ग है–**

(A) स
(B) सम
(C) सम्
(D) सन्

**12. 'अनुराग' शब्द का सही विलोम है–**

(A) पराग
(B) सुराग
(C) रागी
(D) विराग

**13. '<u>सोने</u> के दाम दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं।' वाक्य का रेखांकित पद है–**

(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(B) भाववाचक संज्ञा
(C) द्रव्यवाचक संज्ञा
(D) समूहवाचक संज्ञा

**14. किस वाक्य का रेखांकित पद अनिश्चयवाचक सर्वनाम है?**

(A) आज मुझे <u>खुद</u> ही घर की सफ़ाई करनी पड़ेगी।
(B) उस घर में <u>कौन</u> रहता है?
(C) बाज़ार से खाने के लिए <u>कुछ</u> लेते आइएगा।
(D) <u>मैं</u> कल मनाली जा रही हूँ।

**15. ‘बनारस’ शब्द से बना सही विशेषण है–**

(A) बरसी
(B) बनारसिया
(C) बनरस
(D) बनारसी

**16. ‘दो किलो प्याज़ लेते आना।’ इस वाक्य का रेखांकित पद है–**

(A) गुणवाचक विशेषण
(B) सार्वनामिक विशेषण
(C) परिमाणवाचक विशेषण
(D) संख्यावाचक विशेषण

**17. किस वाक्य में अकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है?**

(A) श्रुति साइकिल चला रही है।
(B) अंजना पुस्तक पढ़ रही है।
(C) प्रेरित क्यों रो रहा है?
(D) हलवाई मिठाई बना रहा है।

**18. ‘हम लोग चाय पी रहे हैं।’ वाक्य से बना भविष्यत काल का सही वाक्य है–**

(A) हम लोग चाय पी रहे थे।
(B) हम लोग चाय पिएँगे।
(C) हम लोग चाय पीना चाहेंगे।
(D) तीनों में से कोई नहीं

**19. कौन-से वाक्य में क्रियाविशेषण का प्रयोग किया गया है?**

(A) अध्यापक के आने पर बच्चे पढ़ने लगे।
(B) सावधान! आगे सड़क बन रही है।
(C) बच्चे टी॰वी॰ देख रहे हैं।
(D) मैंने आज बहुत खा लिया।

**20. विराम-चिह्न की दृष्टि से कौन-सा वाक्य सही है?**

(A) श्रेष्ठा चार बजे आएगी।
(B) कल हमने ऑनलाइन शॉपिंग की?
(C) “मुझे गरमियाँ पसंद नहीं?”
(D) किसी ने मेरी; घड़ी चुरा ली।

**21. अनुज ने पूछा, “क्या आज स्कूल की छुट्टी है...” इस वाक्य के रिक्त स्थान के बदले सही विराम-चिह्न का चयन कीजिए।**

(A) ?
(B) !
(C) ,
(D) ।

**22. ‘क्या तुम मेरे लिए कविता लिख सकते हो?’ वाक्य से बना सही आज्ञार्थक वाक्य है–**

(A) तुम मेरे लिए कविता लिख सको।
(B) तुम मेरे लिए कविता लिखो।
(C) तुमको मेरे लिए कविता लिखनी ही है।
(D) तुमको हर हाल में मेरे लिए कविता लिखनी होगी।

23. 'तुम यहाँ से मत जाओ।' अर्थ की दृष्टि से यह किस प्रकार का वाक्य है?

(A) विधानवाचक
(B) संदेहवाचक
(C) निषेधात्मक
(D) संकेतवाचक

24. वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द अशुद्ध है?

(A) उतसाहित
(B) परिमाण
(C) उज्ज्वल
(D) इच्छित

25. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

(A) बच्चा गृहकार्य कर रहे हैं।
(B) वह प्रतिवर्ष केदारनाथ जाते हैं।
(C) क्या आप पढ़ना कर लिए हैं।
(D) ईश्वर तुम्हें सफलता दे।

26. 'जितना गुड़ डालो, उतना ही मीठा होगा' लोकोक्ति का अर्थ है–

(A) जितना अच्छा करोगे, उतना ही अच्छा फल मिलेगा।
(B) दूसरों का बुरा करने में ही आनंद है।
(C) जितना बुरा करोगे, उतना अच्छा होगा।
(D) तीनों में से कोई नहीं

27. 2025 की 'मिस वर्ल्ड' प्रतियोगिता किस देश में आयोजित की गई?

(A) थाइलैंड में
(B) भारत में
(C) अमेरिका में
(D) रूस में

28. नित्य पुल्लिंग के रूप में प्रयोग किया जाने वाला शब्द है–

(A) तितली
(B) मच्छर
(C) घड़ी
(D) लकड़ी

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 29 तथा 30 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

हम जीवन में क्या चाहते हैं? सुख, समृद्धि, शांति, यही न। किंतु ये चीज़ें तभी मिल सकती हैं, जब हम इनको पाने का निरंतर प्रयास करते चलें। यदि हम व्यायाम, चिंतन तथा अध्ययन के लिए समय नहीं निकाल पाएँगे तो हमारा तन-मन कैसे स्वस्थ और सबल बन सकेगा? विषम परिस्थितियों में भी हम अपना संतुलन कैसे बनाए रख सकेंगे? अतः जीवन को सही अर्थों में सफल बनाने के लिए यह आवश्यक है कि हम इन सभी की साधना में रोज़ कुछ-न-कुछ समय लगाएँ। यह तभी संभव हो सकेगा, जब हम अपने समय का ठीक विभाजन कर लें; रोज़ उसका लेखा-जोखा करते रहें। वस्तुतः जो समय की कद्र करना सीख गया, वह सफलता का रहस्य समझ गया।

29. किसके लिए समय निकालकर हम अपने तन-मन को स्वस्थ एवं सबल बना सकेंगे?

(A) व्यायाम
(B) चिंतन
(C) अध्ययन
(D) इनमें सभी

30. **सफलता का रहस्य कौन समझ सकता है?**

(A) समय से हट के चलने वाला
(B) समय की कद्र करने वाला
(C) समय को पाने का प्रयास करने वाला
(D) समय को खोने वाला

**II. बहुचयन बहुविकल्पीय प्रश्न**

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल दो विकल्प सही हैं। विद्यार्थी को दो सही विकल्पों का चयन करना है।**

31. **इनमें से किन दो वाक्यों की रेखांकित संज्ञा कर्ता कारक में है?**

(A) बच्चों ने फ़िल्म देख ली है।
(B) गायक गीत गा रहा है।
(C) वह ट्रेन से नीचे उतर गई।
(D) राष्ट्रपति के द्वारा उद्घाटन किया गया।

32. **'मूल शब्द + मूल शब्द' के योग से बने कौन-से दो शब्द यौगिक शब्द हैं?**

(A) अभिमान
(B) जन्मदाता
(C) राष्ट्रपिता
(D) लेखक

33. **चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर के नाम हैं–**

(A) विजय
(B) प्रज्ञात
(C) विक्रम
(D) प्रज्ञान

34. **इनमें से कौन-से दो खिलाड़ी बैडमिंटन खेल से संबंधित नहीं हैं?**

(A) 
सायना नेहवाल

(B) 
पी॰वी॰ सिंधु

(C) 
नीरज चोपड़ा

(D) 
शुभमन गिल



OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-7_New.indd 6 7/8/2025 12:10:06 PM

**35.** **किन दो शब्दों से बने विशेषण सही हैं?**

(A) मैं–मुझसा

(B) शास्त्र–शस्त्र

(C) तैरना–तैराक

(D) नव–नेवला

## खंड ( ख ) : उच्चस्तरीय चिंतन कौशल आधारित प्रश्न

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

**36.** **किस वाक्य में गुणवाचक विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है?**

(A) मुझे गरम चाय पीने की आदत है।

(B) गाय, घोड़ा, बकरी सभी पालतू जानवर हैं।

(C) ताज़ा दूध पीकर सेहत बनाओ।

(D) तनवी के पापा कल अमेरिका चले गए।

**37.** **कौन-सा संज्ञा शब्द स्त्रीलिंग, एकवचन का नहीं है?**

(A) गधा

(B) मक्खी

(C) दासी

(D) दवाई

**38.** **इनमें से किस विकल्प में क्रिया के प्रेरणार्थक रूप का गलत प्रयोग हुआ है?**

(A) खिलाना–खिलवाना

(B) हँसाना–हँसलाना

(C) सुलाना–सुलवाना

(D) पिलाना–पिलवाना

**39.** **इनमें से कौन-सा शब्द-समूह अन्य समूहों से अलग है?**

(A) अरे!, वाह!, हाय!, ओह!

(B) और, या, तथा, एवं

(C) आजकल, परसों, प्रतिदिन, हमेशा

(D) की ओर, परंतु, पीछे, शाबाश!

**40.** **शृंखला पूरी करने के लिए सोच-समझकर उचित विकल्प चुनिए।**
**ख, घ, छ, झ, ठ, ढ, थ, ……………, ……………**

(A) ग, ज

(B) द, ध

(C) ध, फ

(D) ल, व

## SPACE FOR ROUGH WORK